## Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# बड़ा अस्पताल हार्ट के मरीजों को हायर सेंटर रेफर करने में सबसे आगे

**जिम्मेदार कौन**

## मजबूरी में हल्द्वानी या बरेली के चक्कर काटने को विवश

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ़। जिले में वर्तमान में हार्ट के मरीज में युवा वर्ग व बुजुर्ग दोनों के मामले आये दिन सामने आ रहे है। जिले के सबसे बडे अस्पताल में हार्ट के मरीजों की आये दिन बड रही तादात ने जिले के अस्पताल को रेफर सेंटर की श्रेणी में सबसे आगे रख दिया है। जानकारी के मुताबिक सीमांत जनपद की पांच लाख आबादी वाले सीमांत जिले में पंद्रह से बीस लोगों में हार्ट संबधित बीमारियां देखने को मिल रही है।

आलम यह है कि जिले में मुख्य अस्पताल में बीते छह साल बीत जाने के बाद भी अब तक हार्ट स्पेलिस्ट चिकित्सक की कमीके चलते जिले में हार्ट के इलाज के लिए आने वाले मरीजों को मजबूरी में हल्द्वानी या बरेली के चक्कर काटने को विवश होना पड रहा है।




जिले में जहां आये दिन हार्ट के मरीजों की संख्या बढ़ रही है वही ऐसी परिस्थति में जिले में चिकित्सकों की कमी का रोड़ा आगे आ रहा है।

जिले में चार साल पहले ही वरिष्ठ हार्ट स्पेलिस्ट चिकित्सकों की सेवानिव्रति के बाद से ही हार्ट के स्पेलिस्ट चिकित्सकों का पद खाली चल रहा है।

जिले के बीडी पांडे चिकित्सालय में हार्ट की बीमारी से जूझ रहे मरीज आज भी इलाज के लिए मोहताज हो रहे है। जिले आये दिन हार्ट के मरीजों की तादात में अब ज्यादा ही वृद्दि देखने को मिल रही है। वही जिलेमें अब हार्ट के डाक्टर की मांग तेज होने लगी है कि हार्ट स्पेलिस्ट की तैनाती हर हाल में की जाए। जिले में लगातार हार्ट के मरीजों की बढती तादात ने जिले की स्वास्थ व्यवस्था पर सवाल खड़े करने शुरू कर दिये है।

वही ऐसी स्थिति में मरीजों के सामने परेशानी है कि उन्हे जिले से बाहर इलाज कराने को जाना पड रहा है। इस बारे में जिला बीडी पांडे अस्पताल के पीएमस डांक्टर के सी भटट ने भी माना है कि जिले में हार्ट स्पेलिस्ट डाक्टर का पद लंबे समय से खाली चल रहा है। शासन को इस बारे में कई बार पत्र मोदन किया जा चुका है मगर आज तलक शासन से कोई संसुति नही मिल पाई है। वही यह सबसे बडा गंभीर मामला जिले के लिए बना हुआ है।

## न्यूज डायरी

### नेताजी संघर्ष समिति ने पेशावर कांड में शहीद हुए शहीदों को याद किया

**संवाददाता** देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति के उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल और महासचिव आरिफ वारसी ने आज एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए आज ही के दिन हुए पेशावर कांड में शहीद हुए शहीदों को याद किया तथा उन्हें 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर समिति के प्रभात डंडरियाल और आरिफ वारसी ने कहा कि हमें वीर चंद्र सिंह गढ़वाली के योगदान को नहीं भूलना चाहिए जिन्होंने अंग्रेजों के शासनकाल में अपने अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करते हुए निहत्थे आंदोलनकारियों पर गोली नहीं चलाई। आंदोलनकारियों पर गोली चलाने से मना कर दिया। इस कार्य के लिए देशवासी सदैव उनके ऋणी रहेंगे पेशावर कांड के शहीदों को याद करने वालों में प्रभात डंडरियाल, आरिफ वारसी ,विपुल नौटियाल, अरुण खरबंदा आदि लोग उपस्थित रहे।

### खाद्य पदार्थ खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लगाया अर्थदंड

**संवाददाता** देहरादून। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के.के. मिश्रा ने अवगत कराया है कि खाद्य पदार्थ खाद्य सुरक्षा अधिनियम–2006 की धारा–26(2)(पप) एवं इसी अधिनियम की धारा–51 का उल्लघंन करने के कारण धारा–52 से दण्डित करते हुए विपक्षी संख्या–1 मै0 रजत ट्रेडर्स निकट गीता भवन, मेन रोड़ विकासनगर देहरादून द्वारा रजत अग्रवाल पुत्र दिनेश अग्रवाल दोषी पाये जाने के कारण रूपये 25,000 तथा विपक्षी संख्या–2 जगदीश फूड्स, निकट हरिलोक कालोनी, सराई बाईपास रोड़ ज्वालापुर हरिद्वार को रूपये 4,50,000 एवं विपक्षी संख्या–3 सागर ऑयल कम्पनी, 192/9 छात्रावास रोड, कैथल को रूपये 4,50,000 अर्थदण्ड कुल रूपये 9,25,000 से दण्डित किया जाता है।

### प्रदेश महिला कांग्रेस कार्यकारिणी भंग, जल्द होगा नई कार्यकारिणी का गठन

**संवाददाता** देहरादून। अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी के निर्देशानुसार तथा अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेटा डिसूजा की संस्तुति तथा प्रदेश महिला कांग्रेस प्रभारी परमिंदर कौर से प्राप्त पत्र के क्रम में उत्तराखण्ड प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष सहित चार वरिष्ठ उपाध्यक्षों के पद यथावत रखते हुए शेष प्रदेश महिला कांग्रेस की कार्यकारिणि को भंग कर दिया गया है। प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला नें बताया की हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव के परिणामों को दृष्टीगत रखते हुए प्रदेश कार्यकारणी, जिला अध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी, ब्लॉक अध्यक्ष, ब्लॉक कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग किया जाता है।

## उत्तरांचल विश्वविद्यालय में दो दिवसीय यूथ पार्लियामेन्ट का हुआ शुभारम्भ

**संवाददाता** देहरादून। उत्तरांचल विश्वविद्यालय की विधि संकाय लॉ कॉलेज देहरादून में आज चतुर्थ राष्ट्रीय यूथ पार्लियामेन्ट का शुभारम्भ किया गया। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थी। दो दिन चलने वाले इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न विश्वविद्यालय व महाविद्यालयों से आये 150 युवा सांसद इस प्रतियोगिता में भागीदारी करने पहुँचे। आयोजकों द्वारा भारत की पार्लियामेन्ट, उत्तराखण्ड विधान सभा, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, व संयुक्त राष्ट्र महासभा का गठन किया गया। विवि के कुलाधिपति जितेन्द्र जोशी द्वारा पुष्पगुच्छ देकर विधानसभा अध्यक्ष का स्वागत किया गया एवं उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर लॉ कॉलेज के छात्रों को सेन्ट्रल हॉल ऑफ पार्लियामेन्ट में प्रतिनिधित्व करने एवं निहारिका को शक्तियों का विभाजन विषय पर सम्बोधन के लिए लोक सभा अध्यक्ष ओम बिड़ला द्वारा भेंट की गई संविधान की मूल प्रति विधान सभा अध्यक्ष द्वारा कुलाधिपति जितेन्द्र जोशी को भेंट की गई।

संयुक्त सम्बोधन के उपरान्त विधान सभा अध्यक्ष बारी–बारी से सभी समितियों में गई। ऑल इण्डिया पार्टी मीट में युवा सांसद कश्मीरी पण्डितों के पलायन पर बहस कर रहे थे जबकि उत्तराखण्ड विधान सभा में भू–कानून व संयुक्त राष्ट्र में युक्रेन–रूस व सुरक्षा विषयों पर चर्चा हो रही थी। विवि के उपकुलपति प्रो. राजेश बहुगुणा ने कहा कि राजनीति युवाओं का एक सर्वाधिक पंसदीदा विकल्प बनता जा रहा है।



## महाविद्यालय में छात्रों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

**संवाददाता** देहरादून। धर्मानंद उनियाल राजकीय महाविद्यालय नरेंद्रनगर के भौतिक विज्ञान विभाग की विभागीय परिषद द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ रश्मि उनियाल ने कार्यक्रम के आयोजन के उद्देश्य, इसकी विषय वस्तु तथा विभागीय परिषद के चयनित सदस्यों का परिचय करवाया। चयनित सदस्यों में अध्यक्ष शिवम बीएससी तृतीय वर्ष, उपाध्यक्ष रिया भंडारी बीएससी तृतीय वर्ष, सचिव गुरप्रीत सिंह बीएससी द्वितीय वर्ष, सह सचिव सुनील चंद बीएससी द्वितीय वर्ष तथा कोषाध्यक्ष अंकिता ठाकुर बीएससी प्रथम वर्ष सम्मिलित थे। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर यूसी मैथानी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

## पीएचसी का बोर्ड हटाकर सीएचसी करने के बाद भी सुविधाओं का रोड़ा

**संवाददाता** पिथौरागढ। बेरीनाग सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र में सीएचसी की सुविधाएं नही मिल पा रही है। बता दें कि बेरीनाग को अस्पताल को सीएचसी की घोषणा किये हुए छह साल बीत चुके है। वही सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र बेरीनाग में तमाम असुविधाओ के चलते मरीज को हायर सेंटर रेफर करना फिलहाल किसी बडी चुनौती से कम नही साबित हो रहा है।

जानकारी के मुताबिक बेरीनाग स्वास्थ केन्द्र को साल 2015 में सीएचसी बनाया गया बता दें कि अधिसूचना जारी होने के तुरंत बाद अस्पताल के बाहर लगे पीएचसी के बोर्ड को हटाकर सीएचसी कर दिया गया। मगर



क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र में सुविधाओं की कमी आड़े आने लगी है। वर्तमान में आलम यह है कि अस्पताल में चिकित्सकों की कमी व दवाओं की कमी को दूर करने के लिए उच्च अधिकारियों को सुचित करने के बाद भी यहां हालात जस के तस पड़े है। बात की जाए अगर सीएचसी के मानकों को लेकर तो चिकित्सकों के दस पद स्वीकृत है। मगर केवल छह चिकित्सक सेवा दे रहे है। दूसरी ओर सर्जन चिकित्सक का पद लंबे अर्से से खाली चल रहा है। सीएचसी में आपरेशन सेवा भगवान भरोसे चल रही है। सीमांत क्षेत्र की आबादी को अच्छे स्वास्थ की सेवा देने के नाम पर इलाके में आने वाले गंभीर रोगियों को सुविधाएं न मिल पाने के कारण हायर सेंटर इलाज को जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

सीएचसी के मानकों के चलते दवाएं न मिल पाने से अधिकांश मरीजों को बाजार से मंहगें दामों में दवाएं खरीदनें को मजबूर होना पड रहा है। इस मामले पर बेरीनाग सीएचसी सेंटर में कार्यरत प्रभारी डाक्टर सिद्वार्थ पाटनी ने बताया कि अस्पाल में लंबे समय से चिकित्सको व दवाओं की काफी कमी बनी हुई है। कई बार शासन को अवगत करा दिया है मगर आज तलक कोई समाधान नही हो पाया है।

## कांग्रेस पर राजनीति करने का लगाया आरोप

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा ने कॉग्रेस पर जंगलों की आग व विद्युत संकट को लेकर राजनीति करने का आरोप लगाया है। पार्टी प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने पूर्व सीएम हरीश रावत और नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के लगाए आरोपों का जबाब देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री धामी जी के नेतृत्व में प्रदेश का समूचा तंत्र युद्धस्तर पर जनता को इन समस्याओं से राहत दिलाने के कार्य में जुटा है, लेकिन कोंग्रेसी नेताओं को सरकार की कोशिशें तब नज़र आयें जब उन्हे स्वयं आपस लड़ने और रूठने मनाने से फुर्सत मिले। मनवीर चौहान ने नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग भाजपा सरकार पर एक महीने में कोई भी कार्य नहीं करने के आरोप लगा रहे हैं वही स्वयं महीने भर की सिरफुट्टोवल के बाद अपने वर्तमान पद पर पहुंचे हैं। बिना योजना के सरकार चलाने को लेकर आर्य के आरोपों का जबाब देते हुए चौहान ने कहा कि सभी जानते हैं भाजपा का चुनावी दृष्टि पत्र ही उनकी सरकार की योजना और लक्ष्य है।